# कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद–सुलतानपुर

Email- dmsul@nic.in

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 06.02.2025 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी/टी0पी0आई0/डी0पी0एम0यू0/एजेसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री कुमार हर्ष, जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. श्री अंकुर कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. श्री एस0 सुधाकरन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सुलतानपुर।
4. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
5. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. श्री आर0एस0 प्रसाद, सहा0अभि0, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. श्री प्रितम सिंह, सहायक अभियन्ता (SWSM), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
8. श्री सत्य प्रकाश यादव, जू0इं0, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
9. श्री अखिलानंद गौरव, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, सुलतानपुर।
10. श्री कुमार नीतीश, डी0पी0एम0, मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
11. श्री नीरज त्रिपाठी, आई0एस0ए0 को–ऑर्डिनेटर, प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0, सुलतानपुर।
12. श्री अभिजीत पाण्डेय, परि0प्रव0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
13. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्रव0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
14. श्री अंकित उपाध्याय,परि0प्रव0, मेसर्स जी0पी0एल0–रैमकी (जे0वी0)/एम0आई0आ0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में जनपद सुलतानपुर में नामित एजेन्सी की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

- **मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 18 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 56 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 49 नग | 23 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी0 | 1032 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 34733 नग | 30525नग |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 67 नग | 19 नग |

फर्म मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा प्रा0लि0 के परियोजना प्रबन्धक श्री अंकित उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि सभी शिरोपरि जलाशय का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण कर जुलाई, 2025 तक समस्त ग्रामों को हर घर जल करवा दिया जायेगा।

➤ **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 309 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 56 नग |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 178 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 145 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 127 नग | 105 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 2980 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80379 नग | 75670 नग |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 310 नग | 75 नग |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के परियोजना प्रबन्धक श्री हरेन्द्र भाम्बू द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 मार्च तक सभी पम्पहाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा एवं शेष पाइप लाइन का कार्य स्कीम कमिशनिंग के साथ–साथ किया जा रहा है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

➤ **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**– जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1251 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 31 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 513 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 426 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 340 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10261 किमी0 | 9543 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 243717 नग | 185670 नग |
| 7 | हर घर ज़ल प्रमाणीकरण | 1251 नग | 70 नग |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जे0वी0 के परियोजना प्रबन्धक श्री अभिजीत पाण्डेय द्वारा आश्वासन दिया गया कि मार्च 2025 तक पाइप ज्वाइंटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा पम्पहाउस एवं बाउन्ड्रीवाल का कार्य अप्रैल, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य अगस्त, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि जनपद सुलतानपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति धीमी है तथा हर घर जल प्रमाणीकरण कम होने के कारण जनपद सुलतानपुर की रैंकिग 61th है, जिसमें सुधार किया जाना अति आवश्यक है।

जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने एवं जनपद की रैंक को सुधारने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–

1. वर्तमान में जनपद सुलतानपुर के कुल 1697 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 229 राजस्व ग्रामों को 'हर घर जल' से आच्छादित करते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराया हुआ है, जोकि कुल 13.49 % है तथा हर घर जल प्रमाणीकरण में जनपद की रैंक–61th है। जनपद सुलतानपुर के हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाने हेतु मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)/मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)/मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0, प्रोजेक्ट प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि सभी मानको के संतृप्ति करते हुए पेयजल योजना का कार्य पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

2. फर्मों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पेयजल योजना से सम्बन्धित समस्त कम्पोनेंट की माइक्रों प्लानिंग, आवश्यक श्रमिकों की तैनाती तथा सामग्रियों की उपलब्धता का विस्तृत विवरण तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

3. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर द्वारा निर्माण कार्यो में प्रयुक्त किये जाने वाले निर्माण सामाग्रियों की नियमित जॉच कर रिपोर्ट तैयार की जायेगी तथा निर्देश दिये गये आगामी बैठक में निर्माण गुणवत्ता रिपोर्ट से सम्बन्धित पीपीटी तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

4. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि डी0पी0एम0यू0 द्वारा देखे जा रहे कार्यो की रिपोर्ट की पीपीटी तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

5. कार्यदायी फर्मो को अपने स्टेट हेड से समन्वय कर लक्षित ग्रामों को निर्धारित समयावधि में योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्माण सामाग्रियों, पाइपों, डी0आई0 पाइप एवं फिटिंग, वि0/यां0 संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

6. पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं/ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा टी0पी0आई0 द्वारा प्रत्येक मार्ग को स्थलीय निरीक्षण करके गुणवत्ता की आख्या प्रस्तुत की जायेगी।

7. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि कार्य पूर्ण करने की जो तिथि फर्म द्वारा बताई गई है उस तिथि तक कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण किये जायें।

(कुमार हर्ष )
(I.A.S)
जिलाधिकारी
सुलतानपुर।

पृ0सं0 313 / W-30 /07 दिनांक 17/02/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सुलतानपुर।
4. अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सुलतानपुर।
5. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
10. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
11. डिस्ट्रिक्ट–को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
12. श्री मनीष सिंह, परि0प्र0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
13. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्र0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
14. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्र0, मेसर्स जी0पी0एल0–रैमकी (जे0वी0)/एम0आई0आ0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

16.2.25
(कुमार हर्ष)
(I.A.S)